दिन–गुरूवार दिनांक– 17/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश के सिवान और सारण जिलों में जहरीली शराब पीने से कल चौबीस लोगों की मौत हो गई और पंद्रह लोग बीमार हो गये हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सिवान और सारण जिलों में चार–चार लोगों की मौत हुई है। मृतक भगवानपुर हाट और मशरख पुलिस स्टेशन क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी थे। पुलिस प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच चुकी है और मामले की जांच कर रही है। जिन गांवों के स्थानीय निवासियों ने जहरीली शराब का इस्तेमाल किया था, उन गांवों का दौरा मद्यनिषेध और आबकारी विभाग की एक टीम कर रही है। जिला प्रशासन ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने आज सिवान और सारण जिलों में स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने मद्यनिषेध और आबकारी विभाग के सचिव को प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने को कहा। श्री कुमार ने इस घटना की व्यापक जांच और अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिये हैं। इधर, भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने छपरा और सिवान में लोगों की हुई मौत पर दुख जताया है। उन्होंने बिहार में शराबबंदी को और सख्ती से लागू करने की मांग की है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज चंडीगढ़ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। भाजपा ने एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि यह सम्मेलन हरियाणा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद शुरू होगा। सम्मेलन में राष्ट्रीय विकास के मुद्दों पर विचार–विमार्श किया जाएगा। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चंडीगढ़ पहुंच चुके हैं।

————————————————————————

राज्य के जिन अंचलों में दाखिल–खारिज और परिमार्जन के मामले सबसे अधिक लंबित हैं वहां राजस्व पदाधिकारी की तैनाती की जायेगी। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में दिशा–निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को तीन महीने के अन्दर सभी ऑनलाईन सेवाओं में लंबित मामलों को शून्य करने का भी निर्देश दिया। बैठक में पटना सदर अंचल को चार भागों में बांटने का भी निर्णय लिया गया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री गतिशक्ति अभियान के अंतर्गत आज पटना में पूर्वी जोन के लिए जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्य़शाला में बिहार के अलावा झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चौवालीस क्षेत्रों के जिलाधिकारी और अधिकारी भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

राज्य के छह हजार पांच सौ तैंतालीस पैक्सों में पांच चरणों में चुनाव कराने पर सहमति बन गयी है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सहकारिता विभाग, सामान्य प्रशासन, गृह विभाग और पुलिस के वरीय अधिकारियों के बीच हुई उच्च स्तरीय बैठक में मतदान की प्रस्तावित तिथि पर सहमति बन गई है। इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। बैठक में शहरी निकाय में शामिल पैक्सों का चुनाव बाद में कराने का निर्णय लिया गया।

———————————————————————

देशभर में आज वाल्मीकि जयंती मनाई जा रही है। इसे रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वाल्मीकि आदिकवि अथवा संस्कृत भाषा के प्रथम कवि के रूप में भी सम्मानित हैं। वाल्मीकि सम्प्रदाय के सदस्य महर्षि वाल्मीकि को ईश्वर का संदेशवाहक मानते हैं और उनके प्रकट दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। इस अवसर पर प्रदेश में शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महर्षि वाल्मिकी जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ छियालीस नये मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें चौंसठ मरीज पटना से हैं। वहीं, पटना में चिकनगुनिया के भी पांच नये मामलों की पुष्टि हुई है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।